Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 23-12-2005

Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai

>

Title : Need to construction of a foot over-bridge at Vapi Railway Station, Gujarat.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बलसाड में वापी शहर में अहमदाबाद-मुम्बई रेलवे लाईन की तरफ आकर्ति करना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में वापी के पास रेलवे लाइन की एक तरफ जी0आइ0डी0सी0 का इंडस्ट्रियल एरिया है। ये जी0आइ0डी0सी0 की बहुत बड़ी टाउनशिप है इसके दूसरी तरफ पूरा वापी शहर है। इस शहर के लाखों नागरिकों को अपने काम धंधे के लिए रोज रेलवे लाइन पार करके जी0आइ0डी0सी0 के इंडस्ट्रियल एरिया में आना जाना पड़ता है। इसी प्रकार वापी शहर के हजारों छात्रों को भी अपने स्कूल कॉलेज आने जाने के लिए इस रेलवे लाइन को पार करना पड़ता है, किंतु इस रेलवे लाइन पर यातायात इतना अधिक हे कि वापी के नागरिकों को अपना बहुत समय व्यर्थ बरबाद करना पड़ता है। यहां के लोग लंबे समय से वापी में इस रेलवे लाइन पर एक पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से निवेदन करता हूं कि इस रेलवे लाइन पर वापी में एक पैदल पुल का निर्माण शीघ्र करवाने की कृपा करें।

---

*Treated as laid on the Table